लोक-सुनवाई की सूचना

मे0 त्रिवेणी स्मेल्टर्स प्रा0 लि0, मौजा-रायपुरा, फतुहाँ, पटना द्वारा क्षमता विस्तार का प्रस्ताव है। इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 के आलोक में राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत किया गया है तथा लोक सुनवाई की जानी है।

इस क्षमता विस्तार परियोजना के तहत् वर्तमान फर्नेस और री-रॉलिंग मिल की वर्तमान क्षमता 1,08,000 मीट्रिक टन/वर्ष से बढ़ाकर फेज-I में 1,50,000 मीट्रिक टन/वर्ष और फेज-II में 3,00,000 मीट्रिक टन/वर्ष करने का प्रस्ताव है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है जिसमें सम्भावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित हैं। उक्त प्रतिवेदन तथा योजना के कार्यपालक सार की प्रति जिला पदाधिकारी, पटना, कार्यपालक पदाधिकारी, जिला पर्षद्, पटना एवं जिला उद्योग केन्द्र, पटना के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं टीका-टिप्पणी इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक सुनवाई जिला-पटना में निम्नानुसार आहूत किया गया है:-

दिनांक	समय	लोक-सुनवाई का स्थल
06.07.2019	अपराह्न 12:30 बजे	मुरली मनोहर राजकीयकृत उच्च विद्यालय, स्टेशन रोड, फतुहाँ, पटना

सभी आम लोगों/संबंधितों से अनुरोध है कि उपरोक्त लोक-सुनवाई कार्यक्रम में स-समय उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

सदस्य-सचिव

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

ई-मेल-bspcb@yahoo.com, वेबसाईट-http://bspcb.bih.nic.in